प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्र सरकार का फैसला, एससी–एसटी में क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं होगा लागू।
- केन्द्रीय कैबिनेट ने झारखंड, बिहार, छतीसगढ़ पश्चिम बंगाल और ओडिसा समेत सात राज्यों को जोड़ने वाली आठ परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- पेरिस ओलंपिक में भारत के अमन सहरावत ने 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में जीता कांस्य पदक।
- टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पीएमएलए कोर्ट ने की खारिज।
- पलामू से 13 लाख रुपये का इनामी माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार गिरफ्तार, 20 पुलिसकर्मियों की हत्या का है आरोपी।

****

केन्द्र सरकार ने फैसला किया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हाल के फैसले पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है और मंत्रिमंडल का निर्णय है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण प्रणाली संविधान के अनुसार होनी चाहिए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन पर 24 हजार छह सौ 57 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णर ने संवाददाताओं को बताया कि ये परियोजनाएं सात राज्यों के चौदह जिलों को कवर करेंगी। ये राज्य हैं– ओड़िसा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, और पश्चिम बंगाल। श्री वैष्णाव ने कहा कि इन परियोजनाओं से आकांक्षी जिलों और जनजातीय क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

****

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने वित्तं वर्ष 2024–25 से 2028–29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना लागू किये जाने की भी मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री श्री वैष्णव ने बताया कि योजना के तहत शहरी क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने का भी प्रावधान है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग और मध्यम आय वर्ग की श्रेणियों में 25 लाख रुपये के आवास ऋण पर 4 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी दी जायेगी।

****

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय पहलवान अमन सहरावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुश्ती में पुरुषों की 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सहरावत ने प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13–5 से हराया। यह पेरिस ओलिंपिक में भारत का छठा और कुश्ती में पहला पदक है।

****

टेंडर कमीशन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पीएमएलए की विशेष अदालत ने खारिज कर दी। याचिका रद्द करते हुए अदालत ने कहा है कि मनी लांड्रिंग मामले में जेल ही नियम है, बेल अपवाद है। श्री आलम को इडी ने 15 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वे जेल में हैं।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से पुलिस ने 13 लाख रुपये के इनामी माओवादी जोनल कमांडर सीताराम रजवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस नक्सली की झारखंड और बिहार की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने बताया कि सीताराम रजवार पर दोनों राज्यों के विभिन्न थानों में 51 केस दर्ज हैं। इस पर 20 पुलिसकर्मियों की हत्या का भी आरोप है।

****

लोहरदगा जिले मे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

****

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय कैबिनेट के फैसले और पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में आये एक और कांस्य पदक की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– जीत का सेहरावत, पेरिस ओलंपिक में भारत का छठा मेडल।

दैनिक जागरण लिखता है– एससी एसटी में क्रीमी लेयर का प्रविधान नहीं होगा लागू।

हिन्दुस्तान और प्रभात खबर ने राज्यपाल के हवाले से लिखा है झारखंड में पेसा कानून को लागू करें।

रांची एक्सप्रेस ने विश्व आदिवसी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की खबर को प्रमुखता दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने पेरिस ओलंपिक में अमन सेहरावत के कांस्य जीतने की खबर को प्रमुखता दी है।

****